डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि


खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन सोमवार 27 अप्रैल 2026 | वर्ष-04 अंक-261 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान गोलीबारी, ट्रम्प-वेंस समेत कई अधिकारी थे मौजूद







**वाशिंगटन। अमेरिका के वाशिंगट में व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर दौरान गोलीबारी की घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद थे।**

गोलीबारी के बाद सीक्रेट सर्विस ने श्री ट्रंप और अन्य शीर्ष नेताओं को तत्काल बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

शनिवार रात घटित हुई घटना के बाद श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ की। उन्होंने लिखा उन्होंने (सुरक्षा कर्मियों) तेजी से और बहादुरी से काम किया। श्री ट्रंप ने फिर से कार्यक्रम में शामिल होने का इरादा जाहिर किया लेकिन कहा कि वह सुरक्षा अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे।

श्री ट्रम्प ने लिखा, हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि हम शो जारी रहने दें, लेकिन मैं पूरी तरह से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के निर्देशों का पालन करूंगा। वे जल्द ही कोई फैसला लेंगे। उनका फैसला चाहे जो भी हो, यह शाम वैसी नहीं होगी जैसी योजना बनाई गई थी। हमें बस इसे सीधे, फिर से करना होगा सोशल मीडिया में जारी वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सीक्रेट सर्विस एजेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप को घेर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति और वहां मौजूद लोग अपनी मेज के पीछे छिपते हुए दिखे, जबकि लोग चिल्ला रहे थे- नीचे झुक जाओ और नीचे ही रहो। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स श्री ट्रंप को तेजी से मंच से दूर ले गये, जिसके बाद भारी हथियारों से लैस एजेंट्स ने स्टेज को घेर लिया। उल्लेखनीय है कि व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर एक ब्लैक-टाई कार्यक्रम है, जिसकी मेबबानी उन पत्रकारों का संघ करता है जो अमेरिकी राष्ट्रपति को कवर करते हैं; यह कार्यक्रम हर साल वाशिंगटन हिल्टन के विशाल बॉलरूम में आयोजित किया जाता है।

## वैश्विक मंच पर लहराया भारतीय चीज का परचम, मोदी ने 'मन की बात' में की तारीफ




**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में वैश्विक मंच पर भारतीय चीज की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि डेयरी सेक्टर में मूल्यवर्धन ने देश के पारंपरिक स्वाद को नयी पहचान दी है।**

श्री मोदी ने पिछले दिनों ब्राजील में आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारतीय चीज के दो ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने का उल्लेख किया और भारतीय चीज की विविधता तथा कुछ विशेषताओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि देश के डेयरी सेक्टर में एक बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है। इस सेक्टर में मूल्यवर्धन ने पारंपरिक स्वाद को एक नयी पहचान दी है। उन्होंने कहा, आज भारतीय चीज दुनिया-भर में अपनी जगह बना रही है। दुनिया की प्लेटों में भारत का स्वाद पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की कलारी चीज़ को कश्मीर का मोजेरेला कहा जाता है। गुज्जर-बकरवाल समुदाय के लोग, पीढ़ियों से इसे बनाते और खाते आये हैं। सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में छुरपी बहुत प्रसिद्ध है।

पहाड़ों की सादगी और कोमलता इसके स्वाद में भी महसूस होती है। इस चीज की खास बात यह है कि इसे याक के दूध से बनाया जाता है। महाराष्ट्र और गुजरात में टोपली नु पनीर जिसे सुरती चीज भी कहा जाता है, अपनी एक अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आज अनेक कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। आधुनिक तकनीक आ रही है, बेहतर पैकेजिंग हो रही है और भारतीय उत्पाद वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

## मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगी पार्वती-कालीसिंध-चम्बल परियोजना-मुख्यमंत्री

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चंबल मैया का आशीर्वाद मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों प्रांतों को मिल रहा है। हमारा प्रदेश अनेक नदियों के उद्गम के कारण नदियों का मायका है। मध्यप्रदेश और राजस्थान जोड़ीदार प्रदेश हैं।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से स्वीकृत पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय परियोजना से मध्यप्रदेश और राजस्थान लाभान्वित होंगे। पीकेसी प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए आर्थिक समृद्धि के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोटा जिले में श्रीकृष्ण यदुवंशी अहीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार शामिल है। विवाह ही कुल और गोत्र को आगे बढ़ाते हुए अमरता देते हैं। विवाह से जीवन साथी के साथ बेटियों को नए माता-पिता मिलते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में सामूहिक विवाह काफी उपयोगी हैं। मेरे अपने बेटे का विवाह सादगी पूर्वक किया था। परिवारों को खर्चीले विवाहों के कारण आर्थिक कष्ट उठाने होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने समाज का मार्गदर्शन किया। धर्म मार्ग पर चलने की सभी को प्रेरणा दी। अनेक कष्ट सहते हुए उनका जीवन एक उदाहरण बना।




भगवान श्री कृष्ण ने लोकतंत्र की स्थापना का उदाहरण दिया था, जब कंस के वध के पश्चात स्वयं सत्ता नहीं संभाली। वे लोकतंत्र के सच्चे नायक थे। उन्होंने धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। मध्यप्रदेश सरकार श्रीकृष्ण पाथेय का विकास कर रही है। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आज यदुवंशी समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने दायित्व निर्वहन के लिए गंभीर हैं। समाज के युवा सेना में शामिल होकर सीमा की रक्षा कर रहे हैं।

श्री बिरला ने कहा कि यह निश्चित ही प्रशंसनीय है कि यदुवंशी समाज वर्तमान सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहा है। निःशुल्क विवाह समारोह का लाभ युवाओं को मिल रहा है।

श्री बिरला ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समारोह में आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री बिरला ने नव दम्पतियों को बधाई दी। प्रारंभ में ग्राम रींछी में आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव और लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला का आत्मीय स्वागत किया।

# पेटलावद नगर सहित पूरे क्षेत्र में सटोरियों और शराब माफियाओं के बाद चोरों के हौंसले बुलंद

## पेटलावद पुलिस कर रही है क्या कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूति...?

दिपेश पड़ियार

**पेटलावद। झाबुआ जिले के पेटलावद नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध सट्टा और शराब का कारोबार दिन-दहाड़े फल-फूल रहा है। सटोरिए और शराब माफिया बेखौफ अपना अवैध कारोबार कर रहे हैं, जबकि पुलिस की कार्रवाई महज खानापूर्ति और दिखावा बनकर रह गई है ऐसा लगता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि माफियाओं को कही न कही संरक्षण मिल रहा है, जिससे उनके हौंसले आसमान छू रहे हैं। पेटलावद नगर में कुछ चाय की दुकानों, शंकर मंदिर के आसपास, गांधी चौक में पशु चिकित्सालय के आसपास ओर भी कुछ स्थानों पर सटोरिए सक्रिय रहते देखें जा सकते है।**




युवा और बेरोजगार युवक इस जाल में फंसकर तबाह हो रहे हैं। शराब की बात करें तो अवैध देशी-विदेशी शराब की सप्लाई अनवरत जारी है। जगह-जगह होटलों और ढाबों पर खुलेआम अवैध शराब परोसी जा रही है और

पुलिस कभी-कभी छोटे मछलियों को पकड़कर खबर लगवा देती है दो-चार पेटियां शराब जब्त, कुछ सटोरियों को हिरासत में लिया लेकिन बड़े माफिया और उनके सरगना पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि पिछले दिनों पुलिस ने एक बड़े क्रिकेट सटोरियों पर कार्रवाई जरूर की थी लेकिन आज भी कई छोटे-बड़े सटोरिए सक्रिय है और सूत्रों की माने तो पुलिस उन सटोरियों के बारे में भली-भांति जानती है और उम्मीद है कि कार्यवाही होगी।

स्थानीय लोग बताते हैं, पुलिस आती है, फोटो खिंचवाती है, कुछ जब्त करती है और फिर माफिया अगले ही दिन अपना धंधा शुरू कर देते हैं। क्षेत्र के कुछ सफेदपोश और प्रभावशाली लोगों के नाम भी चर्चा में हैं, जिनके संरक्षण में यह पूरा नेटवर्क चल रहा है।क्या पेटलावद में कानून का राज सिर्फ कागजों तक सीमित है...? क्या सट्टा और शराब माफियाओं के खिलाफ असली अभियान कभी चलेगा, या यूं ही खानापूर्ति की खबरें बनती रहेंगी....?

जब तक बड़े माफियाओं की कमर नहीं टूटती, तब तक पेटलावद सहित पूरे क्षेत्र में युवाओं का भविष्य सट्टे और नशे की भेंट चढ़ता रहेगा।

प्रशासन को अब सिर्फ दिखावा नहीं, सच्ची और सख्त कार्रवाई दिखानी होगी। जनता की मांग है की तुरंत बड़े स्तर पर संयुक्त अभियान चलाया जाए, सट्टा और शराब सप्लाई चेन पर शिकंजा कसा जाए, वरना हौंसले बुलंद माफियाओं का यह खेल और खतरनाक रूप ले सकता है। पेटलावद नगर में तो चोरों के भी हौंसले बुलंद है जो दिन दहाड़े दो दिन पूर्व ही महावीर कॉलोनी से एक महिला के गले से चेन लुट कर फरार हो गए हैं।

और पुलिस अभी तब इन चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। इन दिनों पुलिस की कार्य प्रणाली से आमजन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर जो युवाओं का भविष्य खराब कर रहे है उन पर पुलिस की आखिर कब होगी प्रभावी कार्रवाई जिसका आमजन को इंतजार है।

---

### खबर का असर

## कुम्भकर्ण नींद से जागे बिजली विभाग के अधिकार, अब लोगों को मिली गर्मी से राहत



**बिजली विभाग की घोर लापरवाही, दिन-रात हो रही अंधाधुंध कटौती**

रामेश्वर सोनी

**डही। क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही अब जनता के लिए भारी मुसीबत बन चुकी है। मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जाती है, लेकिन उसके बाद भी हर 10 मिनट में लाइट गुल हो रही है। दिन हो या रात, लोगों को चैन नहीं मिल रहा।**

भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज, व्यापार और किसानों के जरूरी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

रातभर बिजली आने-जाने से लोग न ठीक से सो पा रहे हैं और न ही सामान्य जीवन जी पा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिजली विभाग केवल कागजों में मेंटेनेंस दिखा रहा है, जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं और किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। जनता ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आखिर कब तक लोग विभाग की इस लापरवाही का शिकार बनते रहेंगे...?

रामेश्वर सोनी

**डही। क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद आखिरकार विभागीय अधिकारी हरकत में आए। लंबे समय से दिन-रात हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान जनता को अब कुछ राहत मिलने लगी है।**

समाचार प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार कार्य शुरू कराया। मेंटेनेंस के नाम पर केवल औपचारिकता निभाने के बजाय अब वास्तविक रूप से लाइन सुधार, ट्रांसफार्मर जांच और तकनीकी खामियों को दूर करने का कार्य किया गया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले हर 10-15 मिनट में बिजली गुल हो जाती थी, जिससे भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। बच्चों की पढ़ाई, व्यापार, घरेलू कामकाज और किसानों के जरूरी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे।

खबर प्रकाशित होने के बाद विभागीय अमले की सक्रियता बढ़ी और लगातार निगरानी शुरू की गई। अब बिजली आपूर्ति पहले की अपेक्षा काफी बेहतर हुई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

नागरिकों ने कहा कि यदि मीडिया जनता की आवाज न उठाता, तो शायद समस्या का समाधान इतनी जल्दी नहीं होता। लोगों ने उम्मीद जताई है कि विभाग आगे भी इसी तरह जिम्मेदारी से कार्य करेगा और क्षेत्रवासियों को स्थायी समाधान मिलेगा।

## जैविक हाट बाजार में 46695 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय

(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो)

**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 8 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 28000 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद 5100 रुपये का, उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 4545 रुपये का तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 900 रुपये का, भेरूलाल पाटीदार रोला द्वारा गेहूं, अजवाइन, चना 5000 रुपये का एवं टीकमचंद जोगचंद (नामली) द्वारा जैविक खाद 850 रुपये का, बालकृष्ण तिवारी द्वारा गेहूं ?2300 का एवं कुलदीप राणावत अयाना द्वारा जैविक उत्पाद विक्रय किए गए। जैविक हाट बाजार में कुल 46695 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।



## मिलावट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 83976 रुपए मूल्य के 193 लीटर घी के नमूने जांच के लिए भेजे गए

(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो)
9926809786

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में मिलावट के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा फर्म जय मां दुधेश्वरी एजेंसी मोहन नगर रतलाम पर कार्यवाही की गई। मौके पर सस्ता घी विक्रय होना पाया गया था, जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। फर्म के संचालक गोपाल व्यास ने बताया कि एफ डी गोल्ड घी के निर्माता फर्म कामधेनु फूड प्रोडक्ट विभडी ठाणे, श्रीमूल घी फर्म श्रीमूल प्राइवेट लिमि. बनासकांठा गुजरात, गौशत घी एवं श्रीमोती सागर काऊ घी के निर्माता मां अरबुडा फूड प्रोडक्ट अहमदाबाद का है। मौके से डी एफ गोल्ड देसी घी के तीन नमूने, श्रीमूल एगमार्क प्योर घी के दो नमूने एवं गोसत प्रीमियम गाय के घी का एक नमूना एवं श्रीं मोती सागर गाय का घी का एक नमूना जांच हेतु लिया गया। सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गये । साथ ही शेष खाद्य सामग्री को जप्त कर सील बंद किया गया एवं फर्म के संचालक गोपाल व्यास की सुपुर्दगी में सौपा गया है। जिसकी कुल मात्रा 193 लीटर एवं मूल्य 83976 रुपए है। शैलेश गुप्ता खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त सभी घी कुल 07 नमूने के जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।



## विश्व मलेरिया दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में शपथ कार्यक्रम आयोजित

रामेश्वर सोनी

**डही। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डही में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश पटेरिया के नेतृत्व में मलेरिया नियंत्रण एवं जन-जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पटेरिया ने उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मलेरिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उन्मूलन के संबंध में शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से फैलती है, इसलिए इससे बचाव के लिए सभी को सतर्क रहना आवश्यक है।

**मलेरिया से बचाव के लिए दिए गए महत्वपूर्ण संदेश**

आमजन को बताया गया कि अपने घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकी, छत पर रखे बर्तन आदि में पानी जमा होने से मच्छर पनपते हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार इन सभी स्थानों को खाली कर साफ करना जरूरी है।



सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, विशेषकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा नालियों को जाम न होने दें। यदि संभव हो तो मच्छर भगाने वाली क्रीम, कॉइल या मशीन का उपयोग करें।

यदि किसी व्यक्ति को बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, उल्टी या शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करवाएं। समय पर जांच और सही उपचार से मलेरिया पूरी तरह ठीक हो सकता है।

**जनसहभागिता से बनेगा मलेरिया मुक्त समाज**

इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के लोगों को भी मलेरिया से बचाव संबंधी जानकारी दें, ताकि पूरा गांव एवं क्षेत्र मिलकर मलेरिया से बचाव कर सके और एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो।

**ये रहे उपस्थित**

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. राहुल रावत, बीसीएम आनंद मुवेल, लैब टेक्नीशियन स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# फिर सत्ता से जुड़े लोगों के बड़े नेता की दबंगई को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय-आखिर भाजपा सरकार में यह चल क्या रहा है.....? भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आखिर क्यों है मौन....?- राज्य मंत्री प्रतिमा बागर-जाति प्रमाण पत्र फर्जी!-बीजेपी में विरोध की चिंगारी.....

## प्रदेश की राजनीतिक नोक-झोक पर अलग हट कर, संघर्ष से सिद्धि की विशेष पेशकश......संजय जैन-सह संपादक की कलम से..........

## बीजेपी के बड़े नेता की खुलेआम गुंडागर्दी, कर दिया बड़ा कांड-मचा बवाल...


**झाबुआ/इंदौर। संजय जैन-सह संपादक।** ग्वालियर में से चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक भाजपा नेता पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि जमीन विवाद में बीजेपी नेता कुछ साथियों के साथ हथियार लेकर पहुंचे थे। भाजपा नेता पर बाउंड्रीवाल तोड़ने और मारपीट का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित की



शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विजय अग्रवाल निवासी गणपति विहार कॉलोनी, तानसेन रोड हजीरा ने बताया कि उनकी पत्नी वर्षा अग्रवाल और उनके साथी अनिल शिवहरे ने गिरवाई थाना क्षेत्र के गोकुलपुर गांव के पास एबी रोड के किनारे लगभग सात बीघा जमीन खरीदी है। इस जमीन पर सभी अनिवार्य अनुमति लेकर एक कॉलोनी बनाई जा रही है। आरोप है कि बीती 8 अप्रैल को पड़ोसी जमीन मालिक और भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशन मुदगल, जितेंद्र मुद्गल और राधारमन शर्मा कई लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि भाजपा नेता समेत उनके साथियों ने मारपीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी के साथ ही जेसीबी मशीन से कॉलोनी की बाउंड्रीवाल को तोड़ना शुरू कर दिया। मामले में विरोध करने पर कॉलोनी के चौकीदार और काम में जुटे मजदूरों से मारपीट का आरोप भी लगाया गया। मौके पर अफरा-तफरी मची देख आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी,तभी आरोपी लोगों को आते देख भाग निकले। इस पूरी घटना का वीडियो कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंपा गया है। पीड़ित कि शिकायत पर आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राज्य मंत्री प्रतिमा बागर-जाति प्रमाण पत्र फर्जी!.......

प्रदेश सरकार की नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र







को लेकर चल रहे विवाद पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं याचिकाकर्ता प्रदीप अहिरवार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय की डबल बेंच ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि पिछले लगभग 1 वर्ष से इस मामले की जांच लंबित क्यों रखी गई और इसे दबाकर क्यों रखा गया....? कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि उच्च स्तरीय छानबीन समिति इस मामले की 60 दिनों के भीतर जांच कर निर्णय प्रस्तुत करे। आपको बता दें किं प्रदीप अहिरवार द्वारा राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर उच्च स्तरीय जांच समिति में शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रदीप अहिरवार का कहना है कि प्रतिमा बागरी ने सामान्य वर्ग के राजपूत बागरी-बागड़ी समाज से संबंध रखने के बावजूद अनुसूचित जाति वर्ग का फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया गया है। राजपूत होने के बाद भी प्रतिमा ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाया और मंत्री बन गई। कोर्ट फैसले पर उत्साहित प्रदीप अहिरवार ने कहा है कि श्मंत्री प्रतिमा बागरी अब महज दो महीने की मंत्री ही शेष बची हुई हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद हमें पूरा विश्वास है कि उनका जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाया जाएगा और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। मोहन यादव की सरकार अधिकारियों और अपने मंत्रियों को बचाने






में लगी हुई है। इसलिए छानबीन समिति लगातार दबाव में आकर जांच को धीमा रखे हुए थी।

### बीजेपी में विरोध की चिंगारी....

राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष के खिलाफ बीजेपी नेताओं ने मोचा खोला और कहा पार्टी विरोधी काम करने वाले को दी बड़ी नियुक्ति दे दी है। पूर्व विधायक रेखा यादव को राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चाओं ने भाजपा के भीतर ही असंतोष को हवा दे दी है। आधिकारिक घोषणा से पहले ही जिले के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खुलकर विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। शनिवार को बड़ी संख्या में पदाधिकारी जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे और रेखा यादव के नाम पर आपत्ति जताई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि रेखा यादव लंबे समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रही हैं,ऐसे में उन्हें किसी महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करना संगठन के हित में नहीं होगा। बड़ामलहरा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम जिला अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

**संजय जैन (सह-संपादक)**
942510-1357 883910-7012
**गिद्ध दृष्टि**

### निगम-मंडलों की बहुप्रतीक्षित सूची जल्द जारी होने के संकेत......

प्रदेश में चार आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियों के बाद अब निगम-मंडलों की बहुप्रतीक्षित सूची जल्द जारी होने के संकेत मिल रहे हैं। लंबे समय से इंतजार कर रहे नेताओं के लिए यह खबर राहत देने वाली है। सूत्रों के मुताबिक कई दौर की बैठकों और मंथन के बाद तैयार की गई सूची को राष्ट्रीय नेतृत्व की मंजूरी मिल चुकी है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में संकेत दिए थे कि निगम-मंडलों में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति एक साथ की जाएंगी। इसी क्रम में हाल में जारी आदेशों में अध्यक्षों के साथ सदस्यों की नियुक्ति भी देखने को मिली है,जिससे यह स्पष्ट है कि प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। इसी बीच निगम मंडलों की सूची में शामिल संभावित नाम सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार निगम-मंडलों और प्राधिकरणों की सूची में लगभग 30 से 32 नाम शामिल हो सकते हैं। जिन नेताओं के नाम चर्चा में हैं,उनमें चेतन सिंह, विनोद गोटिया और संजय नगायच प्रमुख बताए जा रहे हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया, रामनिवास रावत,उमाशंकर गुप्ता, कमल पटेल,रामपाल सिंह,अचल सोनकर,इमरती देवी,ध्रुव नारायण सिंह, अभिलाष पांडे,आशीष शर्मा, अजय विश्नोई,शैलेंद्र जैन,प्रदीप लारिया,इसके साथ ही संजय शुक्ला, अलकेश आर्य और कलसिंह भाबर के नाम भी चर्चा में बने हुए हैं।

### राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरु.....

प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरु हो चुका है। कई आयोग अध्यक्षों के नाम सामने आ चुके हैं। ऐसे में अब विकास प्राधिकरणों की नियुक्तियों को लेकर हलचल तेज हो गई है। सरकार और संगठन स्तर पर नामों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है और सूत्रों के मुताबिक सूची कभी भी जारी की जा सकती है। कई शहरों के लिए नाम लगभग तय माने जा रहे हैं,जबकि बड़े प्राधिकरणों को लेकर अभी भी मंथन जारी है। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा था कि इस बार केवल अध्यक्ष पद ही नहीं, बल्कि कुछ विकास प्राधिकरणों में उपाध्यक्षों की नियुक्ति भी ही की जाएगी। ऐसे में अटकलें है कि जल्द ही सारे नाम सामने आ सकते हैं। इन नियुक्तियों के जरिए क्षेत्रीय, सामाजिक और




संगठनात्मक संतुलन साधने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। पार्टी संगठन में लंबे समय से सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की चर्चा भी तेज है।

सूत्रों के अनुसार विभिन्न विकास प्राधिकरणों के लिए जिन नामों की चर्चा है,उनमें देवास के लिए बहादुर सिंह मुकाती, जबलपुर के लिए संदीप जैन, ग्वालियर के लिए मधुसूदन भदौरिया, उज्जैन के लिए रवि सोलंकी और रतलाम के लिए मनोज पोरवाल के नाम शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा कटनी के लिए शशांक श्रीवास्तव, ओरछा के लिए अखिलेश अयाची और विंध्य क्षेत्र के लिए पंचूलाल प्रजापति के नाम भी चर्चा में हैं।ग वालियर विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष पद को लेकर सुधीर गुप्ता और वेद प्रकाश शिवहरे के नाम सामने आए हैं।

### भोपाल और इंदौर को लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं.....

विकास प्राधिकरणों के अलावा निगम-मंडलों में भी नियुक्तियों को लेकर अटकलें जारी हैं। मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के लिए केपी यादव,अपैक्स बैंक के लिए महेंद्र सिंह यादव और वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के लिए संजय नगाइच के नाम चर्चा में हैं।

हालांकि भोपाल और इंदौर जैसे बड़े विकास प्राधिकरणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इन पर शीर्ष स्तर पर लगातार मंथन जारी है और संभावना है कि सहमति बनने के बाद पूरी सूची एक साथ जारी की जाएगी। बता दें कि ये संभावित चेहरे हैं। इन चेहरों की पुष्टि आधिकारिक सूचना के बाद ही हो सकेगी।

# सम्पादकीय

## बांज का पेड़

ग्रामीणों ने अपना बांज का जंगल बचाया है और उसी जंगल के जलस्रोत से वर्ष भर ठंडा पानी मिलता है। जड़धारी बताते हैं कि बांज का पेड़ न सिर्फ चारा, पत्ती व खाद का काम करता है बल्कि मिट्टी बांधने एवं जलस्रोतों की रक्षा भी अन्य पेड़ों के मुकाबले ज्यादा करता है। यहां की सामूहिकता और भाईचारे ने बीज, खेती, पशुपालन और जंगल बचाने का सराहनीय काम किया है। उत्तराखंड के सामाजिक कार्यकर्ता विजय जड़धारी देसी बीज बचाने के लिए जाने जाते हैं। मुझे उनसे कई बार मिलने, साथ में यात्रा करने और उनके साथ समय बिताने का मौका मिला है। कुछ साल पहले उनके गांव भी गया था। इस कॉलम में उनके बारे में बात करना चाहूंगा। जड़धारी जी न केवल खुद देसी बीजों की खेती करते हैं, बल्कि इसका प्रचार-प्रसार करते हैं। देसी बीजों की प्रदर्शनी लगाते हैं, बीजों का आदान-प्रदान करते हैं। किताबें लिखते हैं, जिससे देसी बीजों की खेती की ओर लोगों का रूझान बने। उनके काम का असर देश भर में देखा जा सकता है। देसी बीजों की खेती का चलन बढ़ रहा है। पिछले कई सालों से मुझे उनके साथ कई बार मिलने व साथ रहने का मौका मिला है। उनका देशी बीजों का काम तो प्रभावित करता ही है, बल्कि उनका जीवन भी आदर्श है। वे गांव में रहते हैं, खेती करते हैं, और उस पर सार्थक लेखन भी करते हैं। उन्होंने देसी बीज बचाने के साथ उनके गांव का जंगल भी हरा-भरा किया है। गांव के लोगों के सहयोग से सूखे और उजाड़ जंगल को फिर से पुनर्जीवित किया है। उनसे जब भी बात होती है, तब वे बताते हैं कि कई लोग इस जंगल को देखने आ रहे हैं। वनविभाग की कई टीमें भी उस जंगल को देखने आईं हैं और जंगल को फिर से हरा-भरा करने के काम को सराहा है। जड़धारी जी, जहां भी जाते हैं, उत्तराखंड के देसी बीजों को साथ लेकर जाते हैं। रंग-बिरंगे बीज न केवल आकर्षित करते हैं, बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। इन पौष्टिक अनाजों को पर्यटक भी बहुत पसंद करते हैं। कई अनाजों को स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर माना जाता है। चिकित्सक भी इनको खाने के लिए कहते हैं।

कुछ साल पहले जब मैं उनके गांव जड़धार गया था। यह टिहरी गढ़वाल जिले का गांव है। तराई में हेंवल नदी बड़े-बड़े पत्थरों के बीच से चमकती हुई बहती है। नदी इठलाती कूदती पहाड़ों के बीच अपना सौन्दर्य बिखेरते चलती है। हेंवल सरकण्डा से निकलती है और आगे चलते हुए गंगा में समाहित हो जाती है। हेंवल नदी के इलाके को यहां लोग हेंवलघाटी कहते हैं। जड़धारी जी का गांव हेंवल नदी के किनारे बसा है। गांव में मकान दूर-दूर बसे हैं। कुछ पहाड़ी पर तो कुछ तराई में। पहाड़ी पर बसे घर दूर-दूर हैं, इसका कारण समतल जमीन का नहीं होना है। जहां पर कुछ समतल जमीन मिली, वहीं पर घर बनाकर रहने लगे। तराई में घनी आबादी है। सत्तर के दशक के उत्तरार्ध में उत्तराखण्ड का यह क्षेत्र देश-दुनिया में इसलिए मशहूर हो गया जब यहां के लोग जंगल को कटने से बचाने के लिए पेड़ों से चिपक गए। इसे चिपको आंदोलन के नाम से जानते हैं। विजय जड़धारी, चिपको आन्दोलन के प्रमुख कार्यकर्ताओं में एक थे। इसके बाद उन्होंने जड़धार गांव का जंगल बचाने का जतन किया जिससे आज परम्परागत पानी के स्रोत सदानीरा हैं। अनाज ही नहीं, दलहन, तिलहन, शाक भाजी, मसाले व रेशा आदि भी शामिल हैं। बारहनाजा में 12 फसलें हों, यह जरूरी नहीं। इसमें 20 फसलें भी हो सकती हैं। उनके घर पूरी तरह अपने खेतों में उगाए गए अनाज से भोजन बनता है। झंगोरा का भात, बाजरा की घी चुपड़ी रोटी, राजमा, मीठा करेले की सब्जी का स्वाद ही अलग था।

## शा. कन्या. उ.मा.वि. सिंगोली में जनगणना, मकान गणना एवं सूचीकरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

### सिंगोली रतनगढ़ तहसील क्षेत्र के लगभग 200 से भी अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रगणकों के रूप में लिया प्रशिक्षण

**नीमच।** जिले के सिंगोली तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान गणना एवं मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोली मे संपन्न हुआ।यह प्रशिक्षण चार्ज अधिकारी तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल तहसील सिंगोली (ग्रामीण) एवं चार्ज अधिकारी कपिल सिंह राजावत,प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिंगोली, खेमचंद मूसले मुख्य नगर पालिका अधिकारी रतनगढ के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर राजेंद्र जोशी, हरचरणजीत सिंह वालिया, नटवरलाल छीपा, कुंजबिहारी कारपेंटर एवं घीसालाल धनगर द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को मकान गणना एवं सूचीकरण से संबंधित प्रत्येक आवश्यक बिंदु को स्पष्ट रूप से समझाया गया एवं लिंक के माध्यम से जनगणना की सारी जानकारियां भरना सिखाया गया।एवं सभी प्रगणको द्वारा पूछे गए सवालों के



जवाब देकर उन्हे सन्तुष्ट किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों से उनका फीडबैक भी लिया गया।जिसमें सभी ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे जनगणना का कार्य सफलता पूर्वक सहजता से पूर्ण करने में सक्षम हैं।

अंत में चार्ज अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों ने सभी प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर वे सहयोग हेतु सदैव उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान सभी प्रशिक्षकों के लिए चाय पानी स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था प्रशासन के द्वारा की गई।इस दौरान रतनगढ़ एवं सिंगोली तहसील क्षेत्र के लगभग शिक्षक 200 से भी अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रगणको के रूप में प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान रतनगढ नगर परिषद सीएमओ खेमचंद मूंसले एवं सिंगोली नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ कपिल सिंह राजावत के द्वारा समस्त आम जन मानस से भी सहयोग की अपील करते हुए सभी प्रगणको को सही जानकारी प्रदान करने की अपील की।संचालन प्राचार्य राजेंद्र जोशी एवं आभार न.प.कर्मचारी निर्मल व्यास के द्वारा माना गया।

## स्वस्थ जीवन, स्वच्छ वातावरण, पर्यावरण के बिना संभव नहीं है, पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण मित्रों ने किया 3 घंटे श्रमदान

**नीमच।** आओ मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाएं इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था जिला नीमच द्वारा निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही जिले भर में पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने के कार्य में जुटी हुई है संस्था सदस्यों का मुख्य उद्देश्य जिले भर में हरियाली हो ताकि आमजन एवं शहरवासियों को शुद्ध वायु आक्सीजन के साथ ही स्वस्थ जीवन स्वच्छ वातावरण में जीवन जी सकें, संस्था द्वारा विगत वर्ष हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 1500 के लगभग विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जिनकी सुरक्षा हेतु पर्यावरण मित्र समय समय पर देखभाल करते हैं संस्था द्वारा जो भी पोंधे



रोपित किए जाते हैं उनकी पेड़ बनने तक बराबर देखभाल की जाती है, वर्तमान अप्रैल माह में 40 डिग्री सेल्सियस भीषण गर्मी में पोधो कि सुरक्षा करना पर्यावरण मित्रों का पहला दायित्व है, इसी कड़ी में संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 26 अप्रैल 2026 को प्रातः 7 से 10 बजे तक वाटिका परिसर में रोपित पोधो कि देखभाल कर पोधो को पानी पिलाया एवं पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई की अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे आदि ने 3 घंटे श्रमदान किया इससे पूर्व संस्था सदस्यों ने फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी गंदा कचरा आदि एकत्रित कर गेट के बाहर ढेर लगाया।

## नीमच जिला माहेश्वरी महिला मंडल के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह रतनगढ में सम्पन्न




**निर्मल मूंदड़ा रतनगढ**

**नीमच। जिला माहेश्वरी महिला मंडल के नवनियुक्त जिला पदाधिकारीयो का शपथ विधि समारोह श्री माहेश्वरी समाज भवन रतनगढ मे गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ।**

इस दौरान नीमच जिले के जावद से महिला मंडल अध्यक्ष संगीता काबरा, इंदु पलोड़,मनासा से महिला मंडल अध्यक्ष ललिता तोषनीवाल,वंदना बाहेती, जयश्री मुंगड़, नीमच से वर्षा बाहेती, सपना माहेश्वरी, उर्मिला दरक, मिनाक्षी मालू, दिपिका माहेश्वरी, गुंजन दरक, अर्चना बाहेती, उर्मिला काबरा, रतनगढ से महिला मंडल अध्यक्ष रिंकू सोनी, मोनिका मंडोवरा, अनिता मंडोवरा, दिपाली मंडोवरा, सुनीता खटोड़, अलका लढा, पूनम सोनी, शारदा मंडोवरा, रानी बाल्दी, वंदना लढा, पिंकी मूंदड़ा, प्रिति मंडोवरा,भारती लढा सहित बड़ी संख्या में महिलाओ ने भाग लिया।

इस दौरान सर्वप्रथम भगवान महेश की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इसके पश्चात श्रीमति रिंकू सोनी, पिंकी मूंदड़ा, वंदना लढा, रानी बाल्दी एवं भारती लढा के द्वारा महेश वंदना प्रस्तुत की गई।

अतिथि परिचय एवं स्वागत उद्बोधन श्रीमती अलका मूंदड़ा के द्वारा दिया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियों प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता मूंदड़ा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती शांता गगरानी, श्रीमती अरुणा मंडोवरा, श्रीमति अर्चना सारडा, श्रीमती कृष्णा मुच्छाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र मंडोवरा, रतनगढ माहेश्वरी समाज अध्यक्ष राजेश लढा, सचिव दिपक सोनी, मिडिया प्रभारी निर्मल मूंदड़ा,निलेश मंडोवरा का केसरिया दुपट्टा एवं मोति की माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मंचासीन अतिथियो के द्वारा नव नियुक्त सभी पदाधिकारीयो को बधाई शुभकामनाएं देते हुए अपने सारगर्भित उद्बोधन के दौरान समाज हित में सदैव बढ चढ़कर कार्य करने की सीख दी। इसके पश्चात नीमच जिला माहेश्वरी महिला मंडल की नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या राठी,जिला सचिव श्रीमती सपना मंडोवरा, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती रेणुका तोतला, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू राठी एवं श्रीमती अलका मूंदड़ा, संगठन मंत्री श्रीमती राज्य सोडानी,संयुक्त मंत्री श्रीमती वंदना मंत्री एवं श्रीमति रोमा सोमानी, प्रचार मंत्री श्रीमती इंदू मूंदड़ा, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती सुनीता परवाल को मंचासीन अतिथियों के द्वारा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या राठी के द्वारा आगामी कार्य योजना एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमति मोनिका मंडोवरा एवं आभार अभिव्यक्ति जिला सचिव सपना मंडोवरा के द्वारा व्यक्त की गई।अंत में सामुहिक राष्ट्रगान के पश्चात बैठक का समापन हुआ व सामुहिक सहभोज रखा गया।

# जोबट गायत्री शक्ति पीठ द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय पुरस्कार वितरण किया गया

## परीक्षा में सभी धर्म के प्रश्न पूछे जाते हैं, उनमें से कई प्रश्न प्रतियोगी परीक्षा में भी पूछे जाते हैं-रमेश सचान

**मुकेश राठौड़**

**जोबट।** अंतरराष्ट्रीय गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 में 12288 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए थे, उनमें से 27 छात्र छात्रा जिले की प्रावीण्य सूची में एवं 120 छात्र-छात्रा तहसील स्तरीय प्रा वीण सूची में आए का जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय पुरस्कार किया गया, कॉलेज स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः रुपए 1000, 700 एवं 500 नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, इसी प्रकार तहसील स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः रुपए 350, 250 एवं 150 नगद एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम प्रारंभ के पूर्व मुख्य अतिथि रमेश सचान, अध्यक्ष मनोहर लाल गौड़ ने देव पूजन कर किया, देव पूजन परिव्राजक राम सिंह चौहान ने करवाया, मुख्य अतिथि रमेश सचान ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस परीक्षा में सभी धर्म के प्रश्नों का समावेश किया जाता है इनमें से कई प्रश्न प्रतियोगी परीक्षा में भी पूछे जाते हैं, उन प्रश्नों का जवाब देकर छात्र अच्छे पदों पर सेवारत होते देखे गए हैं।

अतिथियों का स्वागत तिलक, माला, गायत्री महामंत्र लिखे दुपट्टे एवं हैंड बैग से डॉक्टर शिवनारायण सक्सेना, सरदार सिंह निगवाल, सुकमा बघेल, भूर सिंह भिंडे ने किया, प्रज्ञा गीत मोहन सिंह डोडवा परिब्राजक डही एवं साथी ने प्रस्तुत किया,



नवयुग का संविधान खंड-खंड में अशोक वाणी ने दोहराया, प्रगति प्रतिवेदन जिला सचिव सरदार सिंह निगवाल ने प्रस्तुत किया, निंगवाल ने बताया कि यह परीक्षा 1994 से मध्य प्रदेश से मात्र हिंदी भाषा में संचालित हुई थी जो अब पूरे देश में 11 भाषाओं में संचालित है, कार्यक्रम को अध्यक्ष मनोहर लाल गौड़,डॉक्टर शिवनारायण ने भी संबोधित किया, पुरस्कार वितरण में छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल, मिडिल स्कूल में जिन विद्यालयों ने अधिक छात्र-छात्रा को सम्मिलित किया था उन्हें भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, उन विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने परीक्षा में विशेष सहयोग दिया, जिले के समस्त तहसील संयोजकों को तिलक एवं हैंड बैग से सम्मानित किया गया, इसके साथ ही जिन भाई बहनों ने परीक्षा में सहयोग दिया है, उन्हें भी तिलक कर प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया, परीक्षा में राज्य शासन, जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिले के समस्त प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहता है।

आभार तहसील संयोजक आलीराजपुर भूरसिंह भिंडे ने माना, कार्यक्रम में समस्त संस्था प्रमुख, पालक, छात्र-छात्रा, सहयोगियों को चाय, नाश्ता, ठंडा पेय,भोजन की कमान संदीप खत्री, डॉ संजीव मंडल एवं अशोक वाणी ने संभाली, मार्ग वेव भी दिया गया, गर्मी में ठंडक की व्यवस्था कूलर संजय राठौड़ ने की मार्ग वेव की व्यवस्था एवं शांति पाठ गायत्री गोपाल गौशाला के ट्रस्टी जगदीश राठौड़ ने प्रस्तुत कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई जानकारी जिला संयोजक शिवराम वर्मा ने दी।

# महेश्वर करोड़ों की लागत से बन रहे संयुक्त तहसील कार्यालय की नींव में बड़ा खेल, लीपापोती के खेल का खुलासा

**किशन लाल जांगिड़ ब्यूरो खरगोन 9829276941**



महेश्वर। खरगोन जिले की महेश्वर तहसील में बन रहे संयुक्त तहसील कार्यालय के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता दिखाई दे रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस करोड़ों की लागत वाले महत्वपूर्ण शासकीय प्रोजेक्ट में गुणवत्ता को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। नींव की दीवारों में दिखी खामियां अब निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रही हैं।

**तकनीकी खामियां नींव में हनीकॉम्बिंग से खोखली हो रही इमारत**

सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी और निर्माण स्थल की तस्वीरों के अनुसार फाउंडेशन (नींव) की कंक्रीट वॉल में हनीकॉम्बिंग (मधुमक्खी के छत्ते जैसे छेद) की गंभीर समस्या देखी गई है। निर्माण विशेषज्ञों का मानना है कि कंक्रीट डालते समय वाइब्रेटर का सही उपयोग नहीं किया गया, जिससे दीवार के भीतर बड़े-बड़े गैप रह गए हैं। नींव में इस तरह की रिक्तता बिल्डिंग की मजबूती को सीधे तौर पर प्रभावित करती है।

**साक्ष्यों को छिपाने की कोशिश-सीमेंट के घोल से कवर-अप**

ताजा घटनाक्रम में यह बात सामने आई है कि इन तकनीकी दोषों को सुधारने के बजाय उन्हें सीमेंट के घोल से ढका जा रहा है सूत्रों का दावा है कि दीवारों पर बहते हुए सीमेंट के निशान साफ इशारा कर रहे हैं कि जांच से बचने के लिए आनन-फानन में लीपापोती की जा रही है। यह न केवल तकनीकी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भविष्य के लिए एक बड़े खतरे को आमंत्रण भी है।

**उठते सवाल-निगरानी शून्य या मिलीभगत**

इस मामले ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। अब मुख्य सवाल यह उठ रहे हैं। जिम्मेदार इंजीनियरों की अनुपस्थिति में यह घटिया निर्माण हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार ठेकेदार को कही अनुचित लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से इन खामियों को नजरअंदाज तो नहीं किया जा रहा है। क्या उच्चाधिकारी इस गंभीर लापरवाही का संज्ञान लेकर मौके पर टेक्निकल ऑडिट कराएंगे।


करोड़ों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति का निर्माण अगर इसी तरह भरोसे और लीपापोती के दम पर चलता रहा, तो इसकी उम्र और सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगना तय है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस पर कोई सख्त कदम उठाता है या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# जोबट गायत्री शक्तिपीठ के स्थापना दिवस पर 151 से अधिक परिवारों में हुआ एक साथ गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

**मुकेश राठौड़**

**जोबट।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ जोबट के 47 वे स्थापना दिवस पर प्रातः 8.30 से 10.30 बजे तक एक साथ एक समय में 151 से अधिक परिवारों में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ, महायज्ञ में यजमानों ने गायत्री महामंत्र महामृत्युंजय, गणेश, सरस्वती, दुर्गा, सजल श्रद्धा, प्रखर प्रज्ञा, अनिष्ठ निवारण, गौ माता आदि की यज्ञ में आहुति राष्ट्र, राज्य समृद्ध साली, संपन्न बने, आपदाओं एवं विपदाओं से सुरक्षित रहे, देशवासियों का जीवन सुखमय, शांतिमय, संपन्न, निरोग रहे, तीनों सेना के सैनिकों का मनोबल सदैव बड़ा रहे, दिवंगतों की आत्मा की शांति के निमित्त आहुतियां दी गई।

गायत्री महायज्ञ संपन्न करवाने के लिए नगर के स्थानीय आचार्य भाई बहनों के अतिरिक्त जिला धार, बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ जिले के सुदूर ग्राम बाग, गंधवानी, मनावर, अजंदा, सिंघाना, उमरी, थांदला, दाहोद, डही स्थान से 80 से अधिक आचार्य भाई बहनों ने आकर गायत्री महायज्ञ संपन्न करवाया, यज्ञ करवाने के लिए विगत 15 दिनों से नगर के भाई बहनों ने कड़ी धूप एवं गर्मी में भी लगातार संपर्क कर 151 से अधिक यजमानों को तैयार किया, स्थानीय आचार्य भाई-बहनो के साथ-साथ स्वयं यजमानों ने आचार्य बनकर अपने ही परिवारों में यज्ञ संपन्न किया, व्यवस्थापक डॉक्टर शिवनारायण सक्सेना ने बताया कि जोबट नगर धन्य है। गायत्री शक्तिपीठ का लोका अर्पण वेद मूर्ति तपो निष्ट पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य स्वयं जोबट नगर में चार रोज नगर की दाल मिल में रुक कर 25 अप्रैल 1980 को गायत्री शक्तिपीठ का लोका अर्पण किया था, शक्तिपीठ गतिविधियों के आधार पर देश में पांचवें स्थान पर है, शक्तिपीठ में 2 जून 2011 से अखंड दीप प्रज्वलित है, कार्यक्रम के पूर्व प्रातः 8.15 बजे मिशन का ध्वजारोहण धार से आए पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मैनेजर, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक रमेश सचान ने किया, ध्वज गीत पुष्पा राठौड़ एवं सारिका सक्सेना ने प्रस्तुत किया, डफली से गायन परिब्राजक मोहन सिंह डोड़वा ने प्रस्तुत किया, शक्तिपीठ के 47वें स्थापना दिवस के साथ-साथ यह वर्ष माता भगवती देवी शर्मा जी का जन्म शताब्दी वर्ष, अखंड दीपक का शताब्दी वर्ष एवं गुरुदेव पंडित श्री राम जी शर्मा जी आचार्य के साधना का शताब्दी वर्ष होने से यह वर्ष अति महत्वपूर्ण है, चाय, नाश्ता भोजन, की कमान अशोक वाणी, संदीप खत्री, डॉक्टर संजीव मंडल ने संभाली, आय वव की व्यवस्था रजनीकांत वाणी, जगदीश राठौड, महेश राठौड़ ने




संभाली, यज्ञ संचालन की व्यवस्था सुखदेव टवली, केसर राठौड़, सरोज टवली, पुष्पा राठौड़ एवं ओमप्रकाश राठौड, राम सिंह चौहान, उषा उपाध्याय, संजय राठौड ने की पंजीयन की व्यवस्था राजेंद्र वाणी ने संभाली, सभी आंगनतुकों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन एवं मार्ग वेव की व्यवस्था की गई, जानकारी मीडिया प्रभारी शिवराम वर्मा ने दी।

# सोनकच्छ में विविध आयोजनों के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ भैरव पूजन कार्यक्रम

**राजेंद्र योगी जिला ब्यूरो**

श्री नागर चित्तौड़ा महाजन समाज के अकोतिया व आगस्त्य गोत्रीय बंधु द्वारा सोनकच्छ के पास तालोद स्थित श्री भैरवनाथ मंदिर में दिनांक 26 अप्रैल रविवार को सामुहिक भैरवजी पुजन कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक धुमधाम से मनाया गया। भैरवजी व माताजी का आकर्षक श्रंगार किया गया। मंदिर परिसर को सुंदर ढंग से फुलो की सेज से सजाया गया। दोपहर 12-30 बजे मंदिर के पुजारी कैलाशगिरि गोस्वामी, सुरेन्द्रगिरि गोस्वामी द्वारा पुजा अर्चना महाआरती संपन्न कराई गई। समाज बंधुओं ने भक्तिभाव से माथा टेक नारियल चढाकर भगवान को भोग अर्पण किया ओर सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की।



इस दौरान बड़ी संख्या में राजस्थान महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के समाजबंधु व मातृशक्ति मोजुद रहे। महिलाओं ने गाजेबाजे पर नृत्य कर भैरव बाबा की आराधना की। उदयपुर राजस्थान से समाज के सचिव राजकुमार चित्तौड़ा मय परिवार कार्यक्रम में शामिल हुए ओर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र महाजन व केन्द्रीय समिति अध्यक्ष गोपाललाल मेहता भी शरीक हुए। विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने भी श्रद्धाभाव से भैरवजी पुजन किया। महाआरती पश्चात मंगल धाम जामगोद में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जहाँ पर हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। संपूर्ण व्यवस्था में अकोतिया व आगस्त्य गोत्रीय बंधुओं सहित समाज बंधुओं का सराहनीय योगदान रहा।

शनिवार शाम को मंगलधाम जामगोद में सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर पर सुंदर कांड पाठ का संगीतमय आयोजन किया गया, जिसमें भी बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए।

# प्रशासन की नाक के नीचे पर्यावरण से खिलवाड़- भूखी गांव में 30 हरे-भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

## बबूल और नीम के पेड़ों की अवैध कटाई, पटवारी ने बनाया पंचनामा, लकड़ी माफिया फरार

**पियूष कलोसिया**

**तराना। एक ओर जहां प्रदेश की भाजपा सरकार पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ के नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रही है, वहीं दूसरी ओर तराना तहसील के ग्राम भूखी में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।**

यहाँ सरकारी जमीन पर खड़े 30 बेशकीमती हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काट दिया गया। प्रशासन ने मामले में संज्ञान लेते हुए लकड़ियां जब्त कर ली हैं, लेकिन मुख्य आरोपी और खरीदार अब भी पकड़ से बाहर हैं। ग्राम भूखी में सरकारी सर्वे नंबर 188 एवं 188/2 की भूमि पर लगे 20 बबूल और 10 नीम के पेड़ों को राहुल पिता बद्री लाल बागरी द्वारा अवैध रूप से काट दिया गया। इस अवैध कटाई की भनक लगते ही स्थानीय निवासी और नगर सैनिक चंद्रनारायण शर्मा ने तुरंत इसकी सूचना राजस्व विभाग को दी।

सूचना मिलते ही पटवारी बसंती मैडम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। वहां बड़ी संख्या में कटे हुए पेड़ और टहनियां बिखरी पड़ी थीं। प्रशासन के पहुंचने



की खबर लगते ही पेड़ों का खरीदार हामिद भाई जीजा मौके से फरार हो गया।

### उठ रहे हैं कई गंभीर सवाल

बेखौफ माफिया-क्या भू-माफिया और लकड़ी माफिया को प्रशासन का डर नहीं है? पर्यावरण से खिलवाड़-दिनदहाड़े 30 पेड़ों की कटाई क्या बिना किसी मिलीभगत के संभव है? कड़ी सजा की मांग-क्षेत्र के सजग नागरिकों ने मांग की है कि केवल जुर्माना नहीं, बल्कि ऐसी कार्रवाई हो जो दूसरों के लिए मिसाल बने।

अब देखना यह होगा कि अनुविभागीय अधिकारी (SDM) और तहसीलदार इस मामले में दोषी राहुल बागरी और फरार खरीदार हामिद पर क्या एक्शन लेते हैं।

पटवारी द्वारा पंचनामा बना लिया गया है और अवैध रूप से काटी गई लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। संबंधित दोषी व्यक्ति के विरुद्ध जांच की जा रही है, जिसके बाद नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। टीना मालवीय, नायब तहसीलदार, तराना।


# संजय नगायच को मिला राज्य मंत्री का दर्जा बने मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अध्यक्ष

**पवई संवाददाता-समीम मंसूरी**

25 अप्रैल 2026, शनिवार मध्य प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए संजय नगायच को मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है यह आदेश शनिवार, 25 अप्रैल 2026 को मंत्रालय भोपाल से पारित किया गया।

जारी आदेश के अनुसार, राज्य शासन द्वारा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एक्ट 1962 तथा मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन नियम 1971 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संजय नगायच को पहले संचालक मंडल में संचालक नियुक्त किया गया इसके साथ ही उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी 3 वर्षों के लिए अथवा अगले आदेश तक कॉरपोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।





यह नियुक्ति मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से जारी की गई है, जिस पर उप सचिव बी.के. चंदेल के हस्ताक्षर हैं।

आदेश की प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही एवं सूचना हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय, खाद्य विभाग के मंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त विभाग सहित संबंधित विभागों और अधिकारियों को भेजी गई है साथ ही, आयुक्त खाद्य विभाग, प्रबंध संचालक वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, रजिस्ट्रार कंपनी ग्वालियर और शासकीय केंद्रीय मुद्रणालय भोपाल को भी निर्देशित किया गया है कि आदेश को मध्य प्रदेश राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशित किया जाए।

गौरतलब है कि संजय नगायच पूर्व में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं और क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका रही है,उनकी नियुक्ति से वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कलेक्टर श्रीमती माथुर ने राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**आशीष वाणी**

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को प्रदेशभर के साथ जिला मुख्यालय आलीराजपुर में शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के चार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध फर्स्ट एड किट, पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अवलोकन किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा में कुल 1496 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से प्रथम पाली में 1192 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 304 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली (अपराह्न सत्र) में 1176 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 320 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने निर्देशित किया कि परीक्षा





प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए।


# गेहूं उपार्जन में किसानों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**आशीष वाणी**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के हित में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। लघु एवं सीमांत कृषकों के साथ-साथ मध्यम एवं बढ़े किसानों के लिये भी स्लॉट बुकिंग प्रारम्भ कर दी गई है। उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल प्रतिदिन से बढ़ाकर 2250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है। स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 09 मई कर दी गई है। इन निर्णयों के परिणामस्वरूप किसानों की आवक केंद्रों पर अब तेजी से बढ़ेगी। कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में तद्नुसार प्रबन्ध सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडियों में अपनी उपज बेचने आ रहे किसानों को समस्त प्रकार की सुविधायें उपलब्ध हों और किसी भी प्रकार से तकलीफ न हो। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटें, हम्माल, छाया, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी कलेक्टर्स प्रतिदिन गेहूं खरीदी, परिवहन व्यवस्था, भंडारण तथा कृषकों के भुगतान की आवश्यक रूप से समीक्षा करें। चना और मसूर की खरीदी मण्डी में शेड के अंदर की जाए ताकि असमय बारिश से नुकसान न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चना-मसूर उपार्जन की व्यवस्था के संबंध में जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश में गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान यह निर्देश जिला कलेक्टर्स दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर 7 दिवस की खरीदी के लिए बारदान की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर न्यूनतम 6 इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की व्यवस्था हों और निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही गेहूं का उपार्जन किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों के अतिरिक्त कृषकों द्वारा मंडी में किए



जा रहे उपज विक्रय की भी सतत् निगरानी की जाए, जिससे कृषकों को कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना, रायसेन, दतिया, सीधी, विदिशा के कलेक्टर्स से वर्चुअली संवाद कर जिलों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 3 हजार 516 उपार्जन केन्द्र संचालित हैं। कुल 8 लाख 55 हजार कृषकों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है, जिनमें से 3 लाख 96 हजार कृषकों से 16 लाख 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कर 2 हजार 527 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किया जा चुका है। मध्यम एवं बड़े श्रेणी के 40 हजार 457 कृषकों द्वारा 5 लाख 88 हजार मीट्रिक टन मात्रा के स्लॉट बुक किए गए हैं। किसानों को तहसील के स्थान पर जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय की सुविधा दी गई है।

भारत सरकार द्वारा चमक विहीन गेहूं की सीमा में 50 प्रतिशत तक शिथिलता प्रदान की गई है। इसी प्रकार कम पानी के कारण अल्प विकसित दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत और क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत बढ़ाई गई है। बैठक में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल तथा संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हॉट बाजार में बकरे खरीदने आए व्यापारी से लूट

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद।** रायपुरिया-राजगढ़ मार्ग पर बनी गांव के समीप बड़े पुल के पास रविवार को दिनदहाड़े एक व्यापारी के साथ लूटपाट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बकरे खरीदने आए व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने घात लगाकर रोका और धारदार हथियारों के दम पर उससे नगदी लूटकर फरार हो गए। आज गांव में लगने वाले हाट बाजार में यह बकरे खरीदने आते हैं जानकारी के अनुसार, पेटलावद निवासी व्यापारी बकरे खरीदने के सिलसिले में रायपुरिया क्षेत्र आया हुआ था। जैसे ही वह बनी गांव के पास बड़े पुल के नजदीक पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने अपने मुंह कपड़े से ढंके हुए थे और उनके पास धारदार हथियार भी थे, जिससे व्यापारी भयभीत हो गया। बदमाशों ने व्यापारी को धमकाते हुए उसके पास रखे करीब 76 हजार रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित व्यापारी सीधे रायपुरिया थाने पहुंचा, जहां उसने पूरी घटना की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना की सूचना



मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके का मुआयना कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मार्ग पर लगे आसपास के संभावित सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है।

# परिवार केवल रिश्तों का समूह नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम, सम्मान और मर्यादा का संगम है–संत प्रभावती देवी

**राजेंद्र योगी जिला ब्यूरो**

**देवास। इंदौर के ग्राम श्री रामतलावली में आयोजित पंच दिवसीय श्री राम महायज्ञ में सतपाल महाराज की शिष्या ने कहा,भगवान श्री राम दरबार की मूर्तियों की हम जो स्थापना करते हैं इसके पीछे हमारा भाव यह रहता है कि हम भगवान के जीवन से यह शिक्षा लें की परिवार कैसे चलाया जाता है।**

इसका सबसे सुंदर और आदर्श उदाहरण भगवान श्री राम के जीवन में देखने को मिलता है। उनके जीवन से हमें सीख मिलती है कि परिवार केवल रिश्तो का समूह नहीं बल्कि त्याग, प्रेम, सम्मान और मर्यादा का संगम होता है।

भगवान श्री राम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक आदर्श पुत्र,भाई,पति और राजा कैसा होना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन के हर संबंध को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाया, जिससे परिवार और समाज दोनों में संतुलन बना रहे। यह प्रेरणादाई संदेश ग्राम श्री रामतलावली मे श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा अंतर्गत आयोजित पंच दिवसीय श्री राम महायज्ञ के दौरान सतपाल महाराज की शिष्या साध्वी प्रभावती बाई जी ने दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित सनातन धर्म प्रेमी भाई-बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा भगवान का जीवन चरित्र हमें यह सिखाता है कि परिवार में कभी अहंकार या स्वार्थ नहीं होना चाहिए बल्कि एक दूसरे के प्रति सम्मान और समझ होना चाहिए। यदि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाए और दूसरों के सुख-दुख का ध्यान रखें तो, परिवार में हमेशा प्रेम और शांति बनी रहती है। इसलिए हमें अपने जीवन में भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाकर, परिवार को एक मजबूत संस्कारी और खुशहाल बनाने का प्रयास करना चाहिए। अपनी ओजस्वी वाणी में साध्वी जी ने कहा हर सनातनी के माथे पर तिलक, हाथ में कलावा और गले में कंठी होना चाहिए। शास्त्र कहते हैं कि जिसके माथे पर तिलक नहीं होता, वह पाप का भागी होता है। माथे पर तिलक लगाना ईश्वर के प्रति श्रद्धा और अपने जीवन को धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प दर्शाता है। हाथ में बंधा कलावा, हमें अपने कर्तव्य और मर्यादाओं की याद दिलाता है। वही गले में धारण की गई कंठी हमें हर क्षण भगवान से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है। साध्वी जी ने कहा अपने बच्चों को कथा सत्संग में जरूर लेकर आना चाहिए। यही वह पवित्र स्थान है,जहां उनके मन और संस्कारों का वास्तविक निर्माण होता है। जब बच्चे कथा में बैठकर भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और संत महापुरुषों की लीलाओं और उपदेशों को सुनते हैं, तो उनके मन में स्वभाविक रूप से भक्ति, विनमृता, करुणा और सत्य जैसे गुण स्वत- ही विकसित होने लगते हैं। आज के समय में जहां बच्चे मोबाइल फोन, टीवी और बाहरी आकर्षणों में अधिक उलझ रहे हैं, वहां कथा उन्हें एक सकारात्मक और आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करती है। इस मौके पर उपस्थित साध्वी शारदा बाई जी ने ज्ञान-भक्ति,वैराग्य से ओतप्रोत मधुर भजनों के माध्यम से आत्म कल्याणकारी सत्संग विचार रखें।





आयोजन समिति के सौदानसिंह चौहान ने बताया श्री नारायण भक्ति पंथ के प्रवृतक संत श्री लोकेशानंद जी महाराज के विशेष मार्गदर्शन व प्रेरणा से सभी ग्राम वासियों के सहयोग से उक्त मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर पुजारी श्री भेरुलाल जी शर्मा का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में आध्यात्मिक जन जागरण शोभायात्रा के साथ संतो को मंच तक ले जाया गया,रास्ते में ग्रामीणों ने संतो का फुलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। पंडित आचार्य नितिन शर्मा, दरबार सिंह पटेल, शेखर चौधरी, मोहन चौहान, दिनेश चौधरी आदि गणमान्य नागरिकों ने संतो का शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया। विश्व शांति की प्रार्थना व आरती भोजन प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सद्भावना मंच सदस्यों ने कर्मवीर महाविद्यालय को लेकर मुख्यमंत्री को किए ईमेल

**रिपोर्ट अनवर मंसूरी**

**खंडवा।** सदभावना मंच कार्यालय में मंच सदस्यों ने खंडवा स्थित माखनलाल चतुर्वेदी कर्मवीर महाविद्यालय को शासन द्वारा बंद किए जाने के प्रयास के विरोध में मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा कुलपति विजय मोहन तिवारी भोपाल को सामूहिक रूप से ईमेल एवं ट्वीट किये गये। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जिस राष्ट्रीय कवि, लेखक, पत्रकार, साहित्य मनीषी दादा माखन ने अंग्रेजों के विरूद्ध जनता को जगाकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऐसी भारतीय आत्मा की कर्मभूमि में स्थापित महाविद्यालय को बंद कर अनेक कलम के सिपाहियों को निराश किया जा रहा है। इस वर्ष सिर्फ भोपाल एवं रीवा के लिए ही छात्रों से आवेदन मंगाए गए हैं। इस प्रकार धीरे-धीरे खंडवा के विद्यालय को बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर



उपस्थित मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंदपाल तोमर, अनूप शर्मा, ओम पिल्ले, सुरेन्द्र गीते, त्रिलोक चौधरी, डॉ एमएम कुरैशी, अजय मंडलोई, जीडी सराफ, सोनी वकील, नारायण फरकले, रजत सोहनी, धीरज नेगी, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, ललीत चौरे, अशोक जैन, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि मंच सदस्यों ने विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री तथा कुलपति भोपाल को सामूहिक रूप से ईमेल एवं ट्वीट कर माखनलाल चतुर्वेदी कर्मवीर महाविद्यालय को बंद नहीं किए जाने का अनुरोध किया गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 133वें संस्करण को धरियावद के विभिन्न बूथों पर देखा और सुना

**जुबेर अहमद**

**धरियावद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 133वें संस्करण को भाजपा के विभिन्न बूथों पर देखा और सुना गया है। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात के 133वें संस्करण में वैश्विक शांति के लिए बुद्ध के संदेश, 2027 की डिजिटल जनगणना व नवीकरणीय ऊर्जा में भारत की प्रगति को रेखांकित किया।**

उन्होंने कच्छ की फ्लेमिंगो सिटी का जिक्र करते हुए पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ाना देने की बात कही।

धरियावद ग्रामीण में हर बूथ पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने का पूरा प्रयास किया गया। कहीं-कही लाइटों की वजह से और कहीं-कहीं



नेटवर्क की प्रॉब्लम से नहीं सुन सके। बाकी ज्यादातर बूथों पर मन की बात सुनी गई। धरियावद ग्रामीण मंडल की ओर से बूथ संख्या 177 शिवपुरी में मन की बात को सुना गया।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह पारेल,भाजपा नेता केसुलाल मीणा,शिवपुरी आलिया मीणा, धनराज मीणा सहित उपस्थित रहे। मन की बात का 133वां एपिसोड धरियावद नगर द्वारा सुना गया सभी बूथों पर मंडल अध्यक्ष रेखा चौधरी के नेतृत्व में।

# पुलिस थाना खकनार को जुआ खेलने वालों को पकड़ने में मिली सफलता

**एजाज खान बुरहानपुर**

**बुरहानपुर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री देवेन्द्र पाटीदार व्दारा क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नेपानगर श्री निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में दिनांक 25/04/2025 को रात्री में थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम जामनिया रोड तरफ कलाली के पीछे खेत में में कुछ व्यक्ति पत्तो से हार जीत का जुआ खेल रहे है। सूचना पर विश्वास कर हमराह फोर्स के ग्राम बताये स्थान में टीम बनाकर रवाना किया गया । कलाली के पीछे खेत में 06 व्यक्ति जुआ खेलते दिखे जिन्हे फोर्स की मदद से घेराबन्दी कर पकडा गया । जिनका नाम पता पुछते 1. विजेश पिता मोजीलाल मावस्कर जाति कोरकू उम्र 24 साल निवासी ग्राम रगई, 2. विरेन्द्र पिता भारत सुर्यवंशी उम्र 30 साल निवासी खकनार कला, 3. उमेश पिता प्रकाश जाधव उम्र 35 साल निवासी खकनार कला, 4. गोपाल पिता हरीचन्द ढोले उम्र 32 साल निवासी खकनार खुर्द, 5. अतुल पिता सुभाष पाटील उम्र 40 साल निवासी खकनार कला, 6. सुनिल पिता भुरा महाजन उम्र 50 साल निवासी खकनार कला का होना बताया । मौके पर आरोपियो के कब्जे एवं फड़ से



52 ताश पत्ते व नगदी 38,400/- रूपये जप्त किये गये । वापसी पर आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गिरफ्तार आरोपीगण 1.विजेश पिता मोजीलाल मावस्कर जाति कोरकू उम्र 24 साल निवासी ग्राम रगई, 2.विरेन्द्र पिता भारत सुर्यवंशी उम्र 30 साल निवासी खकनार कला, 3.उमेश पिता प्रकाश जाधव उम्र 35 साल निवासी खकनार कला, 4.गोपाल पिता हरीचन्द ढोले उम्र 32 साल निवासी खकनार खुर्द, 5.अतुल पिता सुभाष पाटील उम्र 40 साल निवासी खकनार कला, 6.सुनिल पिता भुरा महाजन उम्र 50 साल निवासी खकनार कला जप्त सामग्री व नगदी 52 ताश पत्ते 38400 नगदी जप्त किया गया। महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक अभिषेक जाधव, उनि रामेश्वर बकोरिया, प्रधान आरक्षक मेलसिंह सोलंकी, सतीष सुर्यवंशी, शिवनारायण पाल, सत्यभानसिंह, आरक्षक मंगल पालवी, अजय अहिरवार, कैलाश मोरे, सैनिक गौरव की सराहनीय भूमिका रही।

# मृत वानरराज बंदर का विधि-विधान से दाह संस्कार किया गया



**जावद।** अठाना दरवाजा के पास खुर्रा चौक स्थित वार्ड नंबर 8 एवं वार्ड नंबर 9 के मध्य जामा मस्जिद के सामने एक निजी निवास जो बंद होकर ताला लगा हुआ था उसके अंदर वानरराज बंदर की मौत की सुचना नगर परिषद में पूर्व पार्षद फजले नबी छीपा ने नारायण सोमानी को फोन पर दी। श्री सोमानी ने वनविभाग के डिप्टी रेंजर चंपालाल गायरी को अवगत कराया। मौके पर वनकर्मी ने ओमप्रकाश भील पहुंचकर ताला खुलवाकर मृत वानरराज बंदर को को सीमेंट का कटा में भरकर नीमच रोड गांधी वाटिका के पास वन विभाग कार्यालय ले गया। मृत वानरराज बंदर का विधि-विधान से दाह संस्कार किया गया। नारायण सोमानी, वन विभाग डिप्टी रेंजर चंपालाल गायरी का मुस्लिम समाज के युवा एवं पूर्व पार्षद फजले नबी छीपा सहित आसपास क्षेत्रों के रहवासियों ने धन्यवाद दिया।

# सावलमेंढा पंचायत में 'कागजों पर विकास', जमीन पर घोटाले के आरोप

## लाखों के कार्यों में अनियमितता, जांच की मांग तेज

**बैतूल ब्यूरो देवीनाथ लोखंडे**

**बैतूल। विकासखंड भैंसदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत सावलमेंढा एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। पंचायत में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं।**

मामले को लेकर पत्रकार देवीनाथ लोखडे द्वारा कलेक्टर डॉ. सौरभ सुमन को लिखित शिकायत सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।

शिकायत के अनुसार पंचायत में बिना ग्राम सभा की स्वीकृति के कार्य कराए जा रहे हैं तथा निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही फर्जी बिलों के माध्यम से शासकीय राशि आहरित करने के भी गंभीर आरोप लगे हैं।

यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले चार वर्षों से साप्ताहिक बाजार की वसूली का कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है और न ही शासन के नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई है। इससे पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी और गबन की आशंका जताई जा रही है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि जहां पहले से सड़क बनी हुई थी, उसी स्थान पर पुनः निर्माण दिखाकर राशि निकाल ली गई। वहीं 11 वार्ड में पाइपलाइन कार्य के लिए स्वीकृत राशि भी आहरित कर ली गई, लेकिन मौके पर कार्य शुरू तक नहीं हुआ है। इसके अलावा 50




हजार से अधिक के कार्यों को टुकड़ों में बांटकर तकनीकी स्वीकृति (TS) से बचने की कोशिश की गई, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि इन अनियमितताओं के कारण शासन की योजनाओं का लाभ आम ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है और शासकीय धन का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है।

**प्रमुख मांगें**

पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच। दोषी सरपंच, सचिव एवं संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई। जांच पूर्ण होने तक सभी भुगतान पर रोक। प्रकरण में आपराधिक मामला दर्ज करने की कार्यवाही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के बीच इस मामले को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है और अब सभी की नजरें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# राणापुर में 12 साल बाद आदिनाथ भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा आचार्य देवेश नित्यसेन सुरीश्वर जी महाराज की सानिध्य में महोत्सव का समापन

**पंकज गोस्वामी**

**राणापुर।** रानापुर में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ, गणधर और गुरु भगवंतों की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। यह आयोजन 12 साल के इंतजार के बाद हुआ, जिसे सुविशाल गच्छाधिपति आचार्य देवेश नित्यसेन सुरीश्वर जी महाराज साहब, मुनि मंडल और साध्वी मंडल की पावन निश्रा में आयोजित किया गया। पुण्याह, प्रियन्ताम के पवित्र मंत्रोच्चार से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। यह धार्मिक अनुष्ठान 22 अप्रैल को शुरू हुआ था और रविवार को शिखर पर कलश स्थापना और ध्वजा फहराने के साथ संपन्न हुआ। आचार्य श्री के मुखारविंद से प्रतिष्ठा के अंतिम मंत्र पूर्ण होते ही लाभार्थी परिवारों ने प्रतिमाओं की स्थापना की।

**आचार्य श्री ने राणापुर संघ को दिया मंगल आशीर्वाद**



इस अवसर पर आचार्य श्री ने अपने संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि जिस प्रतिमा की उन्होंने कभी श्रावक के रूप में पूजा की थी, आज आचार्य पद पर रहते हुए उन्हें उसी की पुनः प्रतिष्ठा करने का अवसर मिला है। उन्होंने राणापुर संघ में सुख-शांति, समृद्धि और अटूट संगठन की शक्ति के लिए मंगल आशीर्वाद दिया।

**वासक्षेप पूजन और स्मृति पुस्तिका का विमोचन**

समारोह में संघ अध्यक्ष दिलीप सकलेचा ने स्वागत भाषण दिया। धार्मिक विधि-विधानों के तहत आचार्य श्री के वासक्षेप पूजन का लाभ मुकेश, अनिकेत और पुलकेश हरण परिवार ने लिया। काम्बली ओढाने का सौभाग्य दिनेशचंद मोहनलाल नाहर परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने एक स्मृति पुस्तिका का विमोचन भी किया। समाज ने महोत्सव के लिए अपना निजी गार्डन उपलब्ध कराने वाले नटवरलाल और महेशचंद्र हरसोला का आभार व्यक्त किया। संपूर्ण महोत्सव के दौरान भोजन की व्यवस्था का लाभ लेने वाले शैलेष सेठ का भी विशेष सम्मान किया गया।

# भाटपचलाना पुलिस ने 21 फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**उज्जैन। भाटपचलाना पुलिस ने जिला उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार फरार 21 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। ये आरोपी विभिन्न अपराधिक मामलों में माननीय न्यायालय से वारंटी थे और भाटपचलाना क्षेत्र में अवैध कृत्य कर रहे थे।**

पुलिस अधीक्षक के अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक उज्जैन के निर्देशनुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश काहलों के नेतृत्व में थाना प्रभारी भाटपचलाना सतेन्द्र सिंह चौधरी और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार आरोपियों की सूची-**

1. संजय उर्फ पिंचा नंदलाल निवासी भाटपचलाना 2. खितोर पिता नरसिंह निवासी भाटपचलाना 3. बबरमाहे पिता राजेंद्रमिह निवासी बांडरवेला 4. दिग्विजय पिता वरदीराम चौधरी निवासी बांडरवेला 5. संदीप पिता वरदीराम चौधरी निवासी बांडरवेला 6. नुरेश पिता वरदीराम चौधरी निवासी बांडरवेला 7. सुरेशमिह पिता चतरमिह राजपूत निवासी भाटपचलाना 8. गुरपाल पिता मंगलिया मगिया निवासी सलवासेमा 9. गुलाबसिंह पिता गोकुलसिंह ननोकी निवासी बांडरवेला 10. इंद्रराज पिता भज्जे कीर निवासी उडेसिंगा 11. दिनेश पिता प्रेमनाथ योगी निवासी भरसोमदला 12. संजय पिता राधेश्याम बारगी निवासी कल्याणपुरा 13. गोकुलसिंह पिता रणसिंह निवासी कल्याणपुरा 14. पनमंबर पिता गुलाब



कटारा निवासी शाजापुर 15. राजेश पिता मोहनलाल कीर निवासी उडेसिंगा 16. विक्का पिता लालकुसी निवासी ग्राम कल्याणपुरा 17. सुनील पिता प्रकाश मेहतर निवासी ग्राम सतला 18. लखन उर्फ रामचंद्र पिता अतराम निवासी मुरेल 19. लखन पिता रतनलाल निवासी बालोदाकोरन 20. मुकेश पिता प्रशालाल भील निवासी भाटपचलाना 21. जयदीश पिता दुर्गाराम पवार निवासी भाटपचलाना।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह चौधरी, asi राजीव चौहान, asi सज्जनमिह बुंदेला, asi वरसिंह चरपोटा, asi शैतान सिंह डिंडोर प्रआर. 773 पुष्पराज सिह, प्रआर.161 राकेश मालवीय, प्रआर. परमिंदर यादव, आर. अमरमिह, आर विजय जाट, आर. राजेश गोयल, आर. जीवन जाट, अथोक चौहान, नैनिक अजयपालसिह शामिल थे।

# उज्जैन में एसोशिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट AIJ की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न









**उज्जैन। भारतीय पत्रकार संघ AIJ की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक 25 अप्रैल को होटल राजमहल में सम्पन्न हुई।**

उक्त बैठक में राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मप्र इकाई के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह शील्ड हार माला पहनाकर सम्मान किया गया। उज्जैन से प्रकाशित तीन समाचार पत्रों का विमोचन किया गया।

भारतीय पत्रकार संघ AIJ की बैठक में आगामी कार्य योजना को लेकर विचार विमर्श किया गया तथा प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष को संगठन संचालित करने के लिए फंड की घोषणा की गई तथा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शबनम खान को मनोनीत किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयराज ऑफसेट, 10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।